# रिवीजन टेस्ट वर्ष 2020
## कक्षा–12वीं
## विषय :लेखाशास्त्र

निर्देश:–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1X5=5 अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 5 से 10 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार– चार अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 18 से 22 तक निबंधात्मक प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच– पांच अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 150 शब्द है।

(7) संख्यात्मक प्रश्नों के शब्द सीमा का कोई बन्धन नहीं है।

(8) प्रश्न क्रमांक 5 से 22 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गये है।

प्र01 खाली स्थान की पूर्ति कीजिए – 1X5= 5

1. लाभ न कमाने वाली संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य.............. होता है। (समाज सेवा / रोकड कमाना)
2. साझेदारी का जन्म................ से होता है। (अनुबंध / पुंजी)
3. ख्याति एक.................सम्पति है। (लाभ / अमूर्त)
4. पुनर्मूल्यांकन खाता.................. का खाता है। (नाम मात्र / व्यक्तिगत)
5. फर्म के विघटन के पश्चात साझेदार स्वयं का................ कर सकते है। (वसूली खर्च / व्यापार)

प्र02 एक शब्द / वाक्य में उत्तर लिखिए – 1X5= 5

1. आय व्यय खाता किस खाते की सहायता से बनाया जाता है?
2. पूंजी खाता जिसका अंतिम शेष प्रति वर्ष बदलता रहता है। उसे क्या कहते है?
3. ख्याति के मूल्यांकन का आधार क्या है?
4. फर्म में साझेदार का आना है?
5. साझेदार की निवृन्ति के किसी एक कारण को लिखिए?

प्र03 सही विकल्प चुनिए – 1X5= 5

1. लाभ न कमाने वाली संस्थाएं बनाती है।
   (अ) आय व्यय खाता (ब) लाभ हानि खाता
   (स) व्यापार खाता (द) निर्माण
2. साझेदारी संलेख तैयार किया जाना–
   (अ) अनिवार्य है (ब) ऐच्छिक है
   (स) अशतः अनिवार्य है (द) अनावश्यक है
3. साझेदारों के लाभानुपात में परिवर्तन पर संचितियों का विभाजन होता है।
   (अ) पूर्व अनुपात में (ब) समान अनुपात में
   (स) नये अनुपात में (द) पूंजी के अनुपात में
4. पुनर्मुल्यांकन खाता बनाते है।
   (अ) फर्म के विघटन पर (ब) फर्म में लाभ होने पर
   (स) नये साझेदार के प्रवेश पर (द) व्यवसाय बंद करने पर
5. नये अनुपात में से पुराना अनुपात घटाने पर प्राप्त अनुपात कहलाता है।

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

(अ) त्याग अनुपात (ब) समान अपुताप
(स) लाभ अनुपात (द) हानि अनुपात

प्र04 सही जोड़ी मिलाकर लिखिए – 1X5= 5

| स्तम्भ (I) | | स्तम्भ (II) |
|---|---|---|
| 1. आय व्यय खाता | – | a साझेदारी संलेख |
| 2. विद्यालय / महाविद्यालय | – | b प्रतिष्ठा |
| 3. ख्याति | – | c स्थायी पूंजी खाते |
| 4. चालू खाते | – | d लाभ न कमाने वाली संस्थाए |
| 5. लिखित समझोता | – | e नाम मात्र खाता |

प्र05 लाभ न कमाने वाली संस्थाओं से क्या आशय है? 2

अथवा

प्राप्ति भुगतान खाता किसे कहते है? समझाइये।

प्र06 साझेदारी संलेख से क्या आशय है? 2

अथवा

लाभ हानि नियोजन खाता बनाने के क्या उद्देश्य है?

प्र07 त्याग का अनुपात क्या है? 2

अथवा

अधिलाभ से क्या आशय है?

प्र08 पुनर्मुल्यांकन क्या है? 2

अथवा

लाभ प्राप्ति के अनुपात से आप क्या समझते है?

प्र09 वसूली खाता क्या है? 2

अथवा

समझौते द्वारा फर्म के विघटन से क्या आशय है?

प्र010 आम व्यय खाते से क्या आशय है? 2

अथवा

पेशेवर व्यक्ति किसे कहते है?

प्र011 प्राप्ति भुगतान खाता और आय व्यय खाते में अंतर लिखिए? 3

अथवा

वर्ष 2018 में चंदा में 30000 रू. प्राप्त हुए 2017 के बकाया चंदे के 1000 रू थे। 2019 के चंदे 3500 रु अग्रिम प्राप्त हुए। यह राशि उपर्युक्त 30000 रू में शामिल है। वर्ष 2018 का बकाया रह गया चंदा 1500 ब बताइए कि चंदे की कितनी राशि वर्ष 2018 के आय–व्याय खाते में लिखी जाएगी।

प्र012 साझेदारी की किन्ही चार विशेषताओं को समझाइए? 3

अथवा

स्थायी पूंजी खाता एवं परिवर्तनशील पंजी खाते में अंतर बताइए?

प्र013 ख्याति एवं अमूर्त सम्पत्ति है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए? 3

अथवा

औसत लाभ एवं आही लाभ में अंतर बताइए?

प्र014 त्याग अनुपात को समझाइए? 3

अथवा

**एक साझेदारी फर्म में नये साझेदार की आवश्यकता किस लिए पड़ती है?**

**प्र015 साझेदारी फर्म के समापन से आपका क्या आशय है?** **3**

**अथवा**



https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

वसूली खाता और पुनर्मूल्यांकन खाते में अंतर बताइये?

प्र016 लाभ न कमाने वाली संस्थाओं की आय के प्रमुख स्त्रोतों का संक्षेप में वर्णन कीजिए? 4

अथवा

युवराज क्लब का निम्न सूचनाओं के आधार पर प्राप्ति भुगतान खाता 31 दिसम्बर 2018 के लिए तैयार कीजिए।

चंदा– गत वर्ष के चंदे वसूल हुए 400 रू चालू वर्ष के चंदे वसूल हुए 3600 रू चालू वर्ष के चंदे प्राप्त नहीं हुए 600 रू

आगम– हाल का किराया 200 रू. क्रीडा शुल्क 1200 रू. जलपान गृह से प्राप्त राशि 2500 रू

भुगतान– वेतन 200 रू. मरम्मत 240 रू. छपाई 600 रू. जलपान सामग्री 1700 रू. मजदूरी 1360 रू. रोकड़ बाकी जनवरी 2018 को 360 रू.।

प्र017 पुनर्मुल्याकन खाता क्या है? यह कब खोला जाता है तथा कब बंद किया जाता है। समझाइए। 4

अथवा

एक फर्म में A और B जो 3:2 के अनुपात में साझेदार है उन्होंने C को 1/2 भाग के लिए साझेदार बनाया। लाभ–हानि का नया अनुपात ज्ञात कीजिए?

प्र018 साझेदार के निष्कासन पर टिप्पणी लिखिए? 5

अथवा

साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर व्यक्ति के उपचार की आवश्यकता बताइए?

प्र019 साझेदारी के पुनर्गठन से आप क्या समझते है? 5

अथवा

ख्याति के प्रकृति के अनुसार उसके प्रकार समझाइए?

प्र020 ख्याति की उत्पत्ति के कारण बताइए? (कोई पांच) 5

अथवा

एक फर्म की पूंजी 450000 रू. है जिस पर 12% लाभ होता है। फर्म का औसत लाभ 60000 है। अधिलाभ की पूंजीकरण विधि से ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।

प्र021 लाभ न कमाने वाली संस्थाओं द्वारा बही खाता रखने के उद्देश्य का वर्णन कीजिए? 5

अथवा

एक पुस्तकालय के खातो से प्राप्त निम्न सूचनाओं से वर्ष 2018 के लिए प्राप्त भुगतान खाता बनाइए।

प्रारंभिक रोकड़ शेष 400 रू. वर्ष 2018 मे प्राप्त प्रवेश 600 रू. प्राप्त चंदे वर्ष 2018 हेतु 1000 रू. और वर्ष 2018 में वर्ष 2017 हेतु प्राप्त 200 रू. वर्ष 2018 मे किराया चुकाया पुस्तके 150 रू. पुस्तके खरीदी 1100 रू. समाचार पत्र क्रय 500 रू. वेतन चुकाया 500 रू

प्र022 साझेदारी सलेख से आप क्या समझते है? समझाईये। 5

अथवा

राम, श्याम और गोपाल जो 2:1:1 के अनुपात में लाभ हानि विभाजन करते है, उनकी पूंजी क्रमशः 28800 रू. 19200 रू. तथा 14400 रू. है। साझेदारों को पूंजी पर 5% वार्षिक ब्याज दिया है। गोपाल को 7200 रू. वार्षिक वेतन मिलता है। तथा श्याम को सकल विक्रय पर 3% कमीशन मिलता है। फर्म का लाभ 27600 रू है। सकल विक्रय 33600 रू. है। उनके आहरण पर ब्याज क्रमशः 192 रू., 240 तथा 288 रू था। लाभ हानि विनियोजन खाता बनाइये।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com